संख्या- 23/575/बयालिस-2015-03(बजट)/2015

प्रेषक,

अनिल कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खेल अनुभाग **लखनऊ : दिनांक : 28 मार्च, 2015**

विषय- क्षेत्रीय खेल कार्यालय, गोरखपुर के राजकीय वाहन संख्या- यू0पी0-70-8237 (महिन्द्रा जीप डीजल चालित) एवं राजकीय वाहन संख्या- यू0पी0-32-डी0-9031 मारूति जिप्सी (पेट्रोल) के स्थान पर नया वाहन क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- जी 1211/वाहन क्रय पत्रा0/2014-15, दिनांक 18 फरवरी, 2015 के सन्दर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि क्षेत्रीय खेल कार्यालय, गोरखपुर के राजकीय वाहन संख्या- यू0पी0-70-8237 जीप के स्थान पर प्रतिस्थापन स्वरूप एक बोलेरो एस0एल0ई0 2 डब्लू0डी0/7 सीटर/बी0एस0- 4 जीप क्रय किये जाने हेतु समस्त कर सहित डी0जी0एस0 एण्ड डी0 कान्ट्रेक्ट रेट के अनुसार रू0 6,54,324/- की धनराशि एवं राजकीय वाहन संख्या- यू0पी0-32-डी0-9031 मारूति जिप्सी के स्थान पर प्रतिस्थापन स्वरूप एक मारूति अर्टिगा वी0एक्स0आई0 के क्रय किये जाने हेतु समस्त कर सहित डी0जी0एस0 एण्ड डी0 कान्ट्रेक्ट रेट के अनुसार रू0 6,55,920/- की धनराशि अर्थात कुल रू0 13,10,244/- की धनराशि स्वीकृत किये जाने हेतु राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष सहमति प्रदान करते है।

(1)- उक्त वाहनों का क्रय निर्धारित क्रय प्रक्रिया एंव सुसंगत वित्तीय नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए राजस्व विभाग में निर्धारित नीति के अनुसार डी0जी0एस0 एण्ड डी0 रेट पर किया जायेगा।

(2)- प्रतिस्थापन स्वरूप नये वाहनों का क्रय किये जाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि निष्प्रयोज्य घोषित कर नीलामी किये गये वाहन सरकारी वाहन ही थे।

.....2

http://shasanadesh.up.nic.in

(3)- निष्प्रयोज्य वाहन के स्थान पर प्रतिस्थापन स्वरूप महिन्द्रा जीप के स्थान पर बोलेरो तथा मारूति जिप्सी के स्थान पर एक मारूति अर्टिगा वी0एक्स0आई0 का क्रय किया जायेगा तथा क्रय में निर्धारित प्रक्रिया एवं सुसंगत वित्तीय नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4)- वाहन क्रय करने की धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन एवं महालेखाकार को 31 मार्च, 2015 तक अवश्य उपलब्ध करा दिया जायेगा।

2- उपरोक्त वाहन क्रय की धनराशि चालू वित्तीय वर्ष- 2014-15 के अनुदान संख्या-22 लेखाशीर्षक-2204-खेलकूद तथा युवा सेवायें-आयोजनेत्तर-001-निदेशक तथा प्रशासन-03-खेलकूद निदेशालय-14 कार्यालय प्रयोगार्थ स्टाफ कारों/मोटर गाड़ियों के क्रय नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

अनिल कुमार
अनु सचिव।

संख्या- 575(1)/बयालिस-2015-तद्दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1)- महालेखाकार, उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2)- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(3)- कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
(4)- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1/2
(5)- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग- 5
(6)- गार्ड फाईल/कम्प्यूटर प्रति।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in